SHAKTI®
PUMPING LIFE

**Date:-13/03/2026**

| To,<br>The Secretary,<br>Listing Department<br>National Stock Exchange of India Ltd.<br>Exchange plaza, BKC, Bandra (E)<br>Mumbai-MH 400051. | To,<br>The Secretary,<br>Corporate Relationship Department<br>BSE Limited<br>P. J. Towers, Dalal Street<br>Mumbai- MH 400001. |
|---|---|

**REF :-( ISIN- INE908D01010) SCRIP CODE BSE-531431, NSE Symbol -SHAKTIPUMP**

**Sub:- Newspaper Publications regarding "Special Window for Transfer and Dematerialisation of Physical Securities" pursuant to SEBI circular no. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated January 30, 2026.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith newspaper publication regarding the opening of Special Window for Re-lodgement of transfer request for physical shares pursuant to SEBI circular no. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated January 30, 2026, published today in the Business Standard in Hindi and Free Press in English edition.

Kindly take on record the above information for your reference.

Thanking you,

Yours faithfully
**For Shakti Pumps (India) Limited**


Ravi Patidar
Digitally signed by Ravi Patidar
Date: 2026.03.13 13:50:52 +05'30'

**Ravi Patidar**
**Company Secretary**



## खबरों में रहे स्टॉक


### आरती इंडस्ट्रीज




कृषि-रसायन क्षेत्र की वैश्विक दिग्गज के साथ 15 करोड़ डॉलर का आपूर्ति का करार

₹ 430.4 पिछला बंद भाव
₹ 445.9 आज का बंद भाव
3.6 % ▲


### वीए टेक वाबैग




सीएमडब्ल्यूएसएसबी से 4.5 करोड़ लीटर वाले संयंत्र के लिए पीपीपी ऑर्डर मिला

₹ 1,253.2 पिछला बंद भाव
₹ 1,275.9 आज का बंद भाव
1.8 % ▲


### एक्मे सोलर होल्डिंग्स




450 व 1,800 मेगावॉट प्रति घंटा की कुल क्षमता वाले दो पीपीए करार

₹ 229.9 पिछला बंद भाव
₹ 240.2 आज का बंद भाव
4.5 % ▲


### एनवायरो इन्फ्रा इंजीनियर्स




बिहार अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन से 411 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला

₹ 152.9 पिछला बंद भाव
₹ 159.4 आज का बंद भाव
4.3 % ▲

### केएनआर कंस्ट्रक्शन्स




रसूलपुरा में 4 लेन वाला फ्लाईओवर बनाने के लिए जीएचएमसी से स्वीकृत पत्र

₹ 125.7 पिछला बंद भाव
₹ 126.7 आज का बंद भाव
0.8 % ▲

## संक्षेप में

### अक्जोनोबेल का नया नाम जेएसडब्ल्यू डुलेक्स

पेंट और कोटिंग बनाने वाली कंपनी अक्जोनोबेल इंडिया का नाम बदलकर अब 'जेएसडब्ल्यू डुलक्स' हो गया है। कंपनी को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से इसके लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 10 दिसंबर, 2025 को शेयर खरीद समझौते के तहत अक्जोनोबेल इंडिया में 60.76 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी, जिसके बाद वह कंपनी की प्रवर्तक और होल्डिंग कंपनी बन गई है। कंपनी की ओर से शेयर बाजार को दी गई जानकारी के अनुसार, मंत्रालय ने नाम परिवर्तन को मंजूरी दे दी है और जेएसडब्ल्यू डुलक्स के नए नाम के साथ निगमन का नया प्रमाण पत्र जारी किया है। *भाषा*

### ऑडी इंडिया 2 प्रतिशत तक बढ़ाएगी दाम

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी बढ़ती लागत एवं रुपये में उतार-चढ़ाव के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए भारत में अपने वाहनों की कीमतें 1 अप्रैल 2026 से दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी। ऑडी इंडिया ने गुरुवार को बयान में कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी हर मॉडल पर लागू होगी। विभिन्न मॉडल की एक्स-शोरूम कीमतों में अधिकतम दो प्रतिशत तक वृद्धि की जाएगी। ऑडी इंडिया के ब्रांड निदेशक बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, 'हाल में कच्चे माल की लागत बढ़ने और रुपये में उतार-चढ़ाव के कारण हम 1 अप्रैल 2026 से कीमतों में अधिकतम दो प्रतिशत तक समायोजन कर रहे हैं। हम अपने ग्राहकों पर इस बढ़ोतरी का असर कम से कम रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' *भाषा*

### अनिल अंबानी : 581 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों आरएचएफएल और आरसीएफएल की 581 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। ईडी ने कहा कि 11 मार्च को गोवा, केरल, कर्नाटक, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में भूखंडों को कुर्क करने का आदेश जारी किया गया था। *भाषा*

**इंडसइंड बैंक लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 2401, जन. थिमैया रोड, (कैंटोनमेंट), पुणे–411 001
उपभोक्ता वित्त प्रभाग : नया नंबर 34, जी.एन चेट्टी रोड, टी. नगर, चेन्नई–600017
राज्य कार्यालय : इंडसइंड बैंक, सीएफडी, द्वितीय तल, 7–क्वालिटी बिजनेस सेंटर, जोन–II, एम.पी नगर, भोपाल–462011

**कब्जा सूचना**

**(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अनुसार)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने मैसर्स इंडसइंड बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे उक्त अधिनियम कहा गया है) के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (इसमें आगे उक्त नियमावली कही गई है) के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें नीचे वर्णित कर्जदार/गारंटरों से सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार उक्त राशि आगे ब्याज के साथ उक्त अवधि में चुकाने में असफल रहे हैं, अतः एतद्द्वारा कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा कर्जदारों/गारंटरों के नाम के सामने वर्णित तिथि को ले लिया है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स इंडसइंड बैंक लिमिटेड की कर्जदारों के सामने वर्णित बकाया राशि तथा उस पर आकस्मिक खर्चों लागत, प्रभारों एवं ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदारों का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारंटर का नाम ऋण अनुबंध संख्या | मांग सूचना की तिथि / कब्जा की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | **कर्जदार** : श्री गोपाल मुवेल सी/ओ सुकलाल मुवेल<br>**सह–कर्जदार** : श्री कृष्णपाल मुवेल<br>**सह–कर्जदार** : श्रीमती मंगला<br>**गारंटर** : श्री महेश सिंह सी/ओ यशवंत सिंह<br>**अनुबंध सं.** : **III05192M** दिनांकित 08–11–2019 | 30–03–2023<br>कब्जा की तिथि<br>10–03–2026 | रु. 8,81,922.85/– (रुपये आठ लाख इक्यासी हजार नौ सौ बाईस तथा पैसे पिच्यासी मात्र) 09–03–2023 तक |

**संपत्ति का विवरण** : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सर्वे नंबर 289, 299/1, 300 पर स्थित प्लॉट, लक्ष्मी बाई वार्ड नंबर 9 (डेबर मार्ग पर पटेल मांगलिक भवन से आगे नहर तक, अंदर का क्षेत्र), ग्राम धाम्नोद, तहसील धरमपुरी, जिला धार (मध्य प्रदेश) पिनकोड 454552, प्लॉट एरिया (15 फीट गुणा 50 फीट) 750 वर्ग फीट, चौहद्दी : पूरब : शकुंतलाबाई की भूमि ; पश्चिम : 15 फीट आम रास्ता ; उत्तर : विक्रेता की भूमि; दक्षिण : भगवान प्रसाद की भूमि ; उक्त साइट के ऊपर निर्मित भवन और उसके फर्नीचर, फिक्सचर्स तथा अनुषंगियों सहित।

**तिथि : 10–03–2026**
**स्थान : धार**

हस्ता./– (प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते इंडसइंड बैंक लिमिटेड

SHAKTI
PUMPING LIFE

**शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड**

**सीआईएन: L29120MP1995PLC009327**

**कार्पोरेट कार्यालय** : प्लॉट नं. सी-4, सिल्वर स्प्रिंग फेज-2, बिजनेस पार्क, बायपास रोड, डी-मार्ट के सामने, इंदौर (म.प्र.)-452020
**पंजीकृत कार्यालय** : प्लॉट नं. 401, 402 एवं 413, सेक्टर III, औद्योगिक क्षेत्र, पीथमपुर, जिला धार (म.प्र.)-454774
दूरभाष : +91-731-3635000, ई-मेल : cs@shaktipumpsindia.com, वेबसाइट : https://shaktipumps.com/

**भौतिक शेयरों के ट्रांसफर अनुरोधों के पुनः प्रस्तुतिकरण के लिए विशेष विंडो**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, **शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड** के सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि भौतिक शेयरों के ट्रांसफर डीड्स के पुनः प्रस्तुतिकरण के लिए एक विशेष विंडो **05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027** तक खोली गई है।

शेयरधारकों को यह ध्यान देना आवश्यक है कि यह विंडो केवल उन ट्रांसफर डीड्स के पुनः प्रस्तुतिकरण के लिए उपलब्ध है, जिन्हें **01 अप्रैल, 2019** की समय-सीमा से पूर्व ट्रांसफर के लिए प्रस्तुत किया गया था, और जो दस्तावेज़ों या प्रक्रिया में कमी अथवा अन्य कारणों से अस्वीकृत, वापस कर दिए गए या लंबित रह गए थे। जो शेयरधारक इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे हमारे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) से संपर्क करें।

रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) का विवरण निम्नानुसार है:

**एड्रोइट कॉर्पोरेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड**
18-20, जाफरभोय इंडस्ट्रियल एस्टेट, मकवाना रोड मरोल नाका, अंधेरी (ई), मुंबई सिटी, मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400059
ईमेल आईडी : info@adroitcorporate.com, संपर्क नंबर : +91-22-4227 0400

कंपनी की वेबसाइट: **www.shaktipumps.com** को इस विशेष विंडो के खुलने के संबंध में विवरण के साथ अपडेट कर दिया गया है और यदि कोई और अपडेट होगा तो उसे वहां अपलोड कर दिया जाएगा।

किसी भी अतिरिक्त जानकारी, सहायता या स्पष्टीकरण के लिए, शेयरधारक आरटीए को **info@adroitcorporate.com** पर या कंपनी को **cs@shaktipumpsindia.com** पर ईमेल भेजकर संपर्क कर सकते हैं।

**नोट:** सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपना ईमेल पता कंपनी / रजिस्ट्रार और शेयर हस्तांतरण एजेंट / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ अपडेट करें।

बोर्ड के आदेश से
द्वारा **शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड**
**रवि पाटीदार,** कंपनी सचिव
ए.सी.एस. 32328

दिनांक : **12.03.2026**
स्थान : **इंदौर**

**एलपीजी-सीएनजी किल्लत के अलावा कई अन्य उद्योगों पर भी दिख रहा पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का असर**


# एसी विनिर्माताओं पर तपिश

**अक्षरा श्रीवास्तव**
नई दिल्ली, 12 मार्च

पश्चिम एशिया में जारी सैन्य संघर्ष का असर भारत की विनिर्माण क्षमताओं पर पड़ने लगा है। टिकाऊ उपभोक्ता सामान के निर्माता आपूर्ति की दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। इस कारण उत्पादन में बाधा आ रही हैं। एलपीजी सिलिंडर की किल्लत ने हॉस्पिटैलिटी समेत कई उद्योगों के लिए समस्या खड़ी कर दी है और अब एयर कंडीशनर (एसी) निर्माताओं को परेशानी होने लगी है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के उपकरण व्यवसाय के प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण एयर कंडीशनर निर्माण में इस्तेमाल कुछ सामग्रियों की आपूर्ति में बाधाएं होने लगी हैं। वर्तमान में एलपीजी की आपूर्ति सीमित है, जिसका उपयोग ब्रेजिंग और पाउडर कोटिंग की क्योरिंग जैसी प्रक्रियाओं में किया जाता है।

अन्य प्रमुख एसी निर्माताओं ने भी संकेत दिया है कि अगर आपूर्ति की किल्लत जारी रही तो उत्पादन प्रभावित होगा। ब्लूस्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, हमारे पास अभी कुछ स्टॉक है। लेकिन अगर कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों पर पाबंदी जारी रही तो आने वाले कुछ दिनों में एसी के उत्पादन पर असर पड़ेगा।



पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण एयर कंडीशनर निर्माण में इस्तेमाल कुछ सामग्रियों की आपूर्ति में बाधा आने लगी है

इसके अलावा, पॉलीप्रोपिलीन और पॉलिस्टरीन जैसे प्रमुख प्लास्टिक कच्चे माल की आपूर्ति सीमित हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप इनकी कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। ये रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, एयर कंडीशनर और अन्य घरेलू उपकरणों के निर्माण के लिए मूलभूत तत्व हैं।

नंदी ने बताया, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं, आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम कर रहे हैं और व्यवधान को कम करने व गर्मी के पीक सीजन से पहले उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए खरीद रणनीतियों को बेहतर बना रहे हैं।

यह स्थिति टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में व्यापक रूप से उपयोग होने वाली तांबा और एल्युमीनियम जैसी धातुओं की बढ़ती कीमतों के बीच उत्पन्न हुई है। पिछले कुछ महीनों में तांबे की कीमतों में करीब 25 फीसदी की वृद्धि हुई है। एल्युमीनियम की कीमतें भी सर्वकालिक उच्च स्तर पर हैं।

पिछले साल बारिश के जल्दी आने और मॉनसून के लंबे समय तक टिके रहने के कारण पूरा सीज़न बर्बाद हो गया था। लेकिन टिकाऊ उपभोक्ता वस्तु उद्योग को इस साल गर्मी जल्दी आने से अच्छी बिक्री की उम्मीद है। इस साल भीषण गर्मी भी बिक्री में बढ़ोतरी का मुख्य कारण बन सकती है। उदाहरण के लिए, वोल्टास ने कहा कि उसे इस सीजन में रूम एयर कंडीशनर (आरएसी) श्रेणी में 25 फीसदी की वृद्धि की उम्मीद है। हालांकि, मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव कंपनियों की योजनाओं में बाधा डाल सकता है।

पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के एसी उत्पादन पर अभी तक कोई असर नहीं पड़ा है। लेकिन वह भी स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है। पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया के बिजनेस हेड और एसी ग्रुप के प्रोडक्ट चीफ अभिषेक वर्मा ने कहा, हम लड़ाई पर बहुत करीब से नजर रख रहे हैं और लंबे समय से हमारा उत्पादन सुचारू रूप से चल रहा है। इसलिए फिलहाल सब ठीक है।

# भारत का मेडिकल टूरिज्म भी चोटिल

**संकेत कौल और शाइन जेकब**
नई दिल्ली/चेन्नई, 12 मार्च

**बांग्लादेश** में हुए घटनाक्रम की वजह से कुछ गिरावट के बाद जब भारतीय मेडिकल टूरिज्म उद्योग उबरने ही वाला था, तभी पश्चिम एशिया के संकट ने विदेशी मरीजों के आने पर असर डालना शुरू कर दिया है। पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से कई अस्पताल श्रृंखलाओं ने विदेशी मरीजों की संख्या में 30 प्रतिशत तक की गिरावट की सूचना दी है, जिससे राजस्व में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है।

पश्चिम एशिया के मरीज मुख्य रूप से हार्ट सर्जरी, ऑन्कोलॉजी उपचार, ट्रांसप्लांट और ऑर्थोपेडिक इलाज के लिए भारतीय अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं। फोर्टिस हेल्थकेयर में समूह के मुख्य परिचालन अधिकारी अनिल विनायक ने कहा, 'फोर्टिस हॉस्पिटल्स में हमने भूराजनीतिक तनाव और युद्ध से जुड़ी दिक्कतों की वजह से पश्चिम एशिया के मरीजों की संख्या में काफी कमी देखी है। जब से युद्ध शुरू हुआ है, तब से सभी शहरों में अंतरराष्ट्रीय मरीजों की संख्या में 30 प्रतिशत से ज्यदा की गिरावट आई है।' फोर्टिस के अंतरराष्ट्रीय कारोबार में इस क्षेत्र की करीब 30 प्रतिशत हिस्सेदारी रहती है।

शुरुआती दिनों में असर बहुत कम था क्योंकि मरीज पहले ही भारत आ चुके थे। अलबत्ता धीरे-धीरे इनकी संख्या में खासी कमी आई है। विनायक ने कहा, 'अगर हम फरवरी के आखिरी 10 दिनों की तुलना मार्च के पहले 10 दिनों से करें, तो पश्चिम एशिया से आने वाले मरीजों की संख्या में 75 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है।'

उद्योग के सूत्रों का कहना है कि इस



महीने संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय मेडिकल टूरिज्म के कुल राजस्व को लगभग 15 से 20 प्रतिशत का झटका लग सकता है। हालांकि आने वाले महीनों में और ज्यादा खासा असर दिखेगा। कई अहम देशों से नए मरीजों के आने में कमी के कारण ऐसा होगा।

एस्टर डीएम हेल्थकेयर की उप-प्रबंध निदेशक आलिशा मूपेन ने कहा कि अस्पताल श्रृंखला में मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) की केवल सात प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, 'हमारे मामले में पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी लगभग 15 से 20 प्रतिशत है। इस 7 प्रतिशत का बड़ा हिस्सा मालदीव, श्रीलंका और अफ्रीका जैसे देशों के कुछ हिस्सों से आता है।' मूपेन ने कहा, 'मेडिकल टूरिज्म के नजरिये से जाहिर है कि हमें अभी नुकसान नजर आ रहा है। हम दूसरे स्थानीय कारोबार से भी इसकी भरपाई कर पाएंगे।'

साल 2024 तक विदेशी पर्यटकों के आने के सरकारी आंकड़ों के आधार पर इलाज क लिए भारत आने वाले लगभग 75 प्रतिशत पर्यटक बांग्लादेश के थे। हालांकि भारत और बांग्लादेश के बीच आपसी मसलों की वजह से पिछले साल इस संख्या में कमी आई, जिससे भारतीय अस्पताल श्रृंखलाओं को पश्चिम एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे बाजारों पर विचार करना पड़ा।

# फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्मों पर घटे ऑर्डर

**उदिशा श्रीवास्तव**
नई दिल्ली, 12 मार्च

**जोमैटो,** स्विगी और मैजिकपिन जैसे फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्मों के गिग वर्करों की कमाई पश्चिम एशिया संघर्ष बढ़ने के कारण घटने लगी है। तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलिंडरों की किल्लत ने देशभर के रेस्तरां और क्लाउड किचन को अपना परिचालन सीमित करने या अस्थायी रूप से बंद करने के लिए मजबूर कर दिया है। कम किचन ऑर्डर तैयार कर रहे हैं। इससे डिलिवरी पार्टनरों को मंदी की आंच से जूझना पड़ रहा है।

स्विगी में पिछले तीन साल से डिलिवरी पार्टनर कुलदीप शर्मा ने कहा, 'मैं आमतौर पर दो शिफ्ट में काम करता हूं- दोपहर 12-4 बजे और शाम 7-11 बजे। मुझे हर दिन लगभग 20-22 ऑर्डर मिलते थे। इससे करीब 1100 रुपये की कमाई हो जाती थी। अब 15-17 ऑर्डर पूरे करना भी मुश्किल हो गया है और कमाई घटकर लगभग 800-900 रुपये रह गई है।' शर्मा ने कहा कि जिन कई रेस्तरां से वह अक्सर ऑर्डर उठाते थे, वे अब दिन भर के बजाय केवल शाम को ही काम कर रहे हैं।

जोमैटो और मैजिकपिन में काम करने वाली एक और डिलिवरी पार्टनर ने भी यही बात कही। उसने कहा कि वह शाम 4 बजे के बाद ही प्लेटफॉर्म पर लॉग इन करती है और लगभग 600 रुपये कमाने के लिए हर दिन 13-14 ऑर्डर का टारगेट रखती है। उसने कहा, '13-14 ऑर्डर का टारगेट पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है। रोज की कमाई मुश्किल से 500 रुपये ही पार कर पाती है।' डिलिवरी वर्करों की चिंताओं को उठाते हुए गिग वर्कर्स एसोसिएशन (गिगडब्ल्यूए) जैसी यूनियनों ने कहा, 'सप्लाई चेन में रुकावटों की वजह से ऑर्डर कम होने की संभावना है। इसलिए उनमें भारी गिरावट की आशंका है। चूंकि गिग वर्करों को काम के आधार पर भुगतान किया जाता है। इसलिए उनकी कुल कमाई में काफी कमी आ सकती है।'

गिग ऐंड प्लेटफॉर्म सर्विस वर्कर्स यूनियन (गिप्सू) ने श्रम मंत्रालय को इस समस्या से अवगत काया है। उसने कहा है कि रेस्टोरेंट बंद होने से ऑनलाइन ऑर्डर पूरे होने में 60 फीसदी तक की कमी आई है। कमर्शियल सिलिंडर की कमी ने रेस्टोरेंटों, ढाबे, क्लाउड किचन, केटरिंग सर्विस और स्ट्रीट वेंडर बंद कर दिए हैं, जिससे जोमैटो और स्विगी जैसे प्लेटफॉर्म पर 50-60 प्रतिशत फूड डिलीवरी के ऑर्डर घट गए हैं।'

फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म मैजिकपिन के संस्थापक और मुख्य कार्याधिकारी अंशु शर्मा ने भी कहा, 'छोटे रेस्टोरेंट पर बुरा असर पड़ सकता है। वे हमारे आधार का बड़ा हिस्सा हैं। सीमित मेन्यू और कम काम के घंटों के साथ चलने वाले छोटे रेस्टोरेंटों को हमारी तरफ से मांग समर्थन मिलता रहेगा।'

# भारतीय टायरों पर दबाव की आशंका

**अंजलि सिंह**
मुंबई, 12 मार्च

**पश्चिम** एशिया में जारी भू-राजनीतिक टकराव से निर्यात प्रभावित हो सकता है। भारत के टायर उद्योग की उत्पादन लागत बढ़ सकती है और आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव आ सकता है। इस कारण वाहन टायर निर्माताओं के संगठन (एटमा) ने सरकार से तत्काल नीतिगत समर्थन की मांग की है।

केंद्र को दिए गए पत्र में उद्योग संगठन ने चेतावनी दी कि खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते संघर्ष से टायर निर्यात पर असर आ सकता है और कच्चे माल की लागत बढ़ सकती है जिससे निर्माताओं के लिए लॉजिस्टिक से जुड़ी बाधाएं हो जाएंगी।

भारत पश्चिम एशिया को सालाना लगभग 25-26 करोड़ डॉलर के टायरों का निर्यात करता है। यदि तनाव बढ़ता रहा तो इन खेप में व्यवधान आ सकता है। एटमा ने यह भी चेतावनी दी कि होर्मुज स्ट्रेट और स्वेज नहर सहित प्रमुख समुद्री मार्गों में अस्थिरता यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका को होने वाली खेपों को प्रभावित कर सकती है, जिससे माल भेजने में देरी और माल ढुलाई की लागत बढ़ सकती है।

उद्योग को कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण बढ़ती उत्पादन लागत का भी सामना करना पड़ रहा है, जिसकी कीमत अभी 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं। टायर बनाने में कच्चे माल की लागत का 60-70 प्रतिशत हिस्सा कच्चे तेल के डेरिवेटिव से जुड़ा होता है। सिंथेटिक रबर, कार्बन ब्लैक, प्रोसेसिंग ऑयल और टायर कॉर्ड फैब्रिक जैसे मुख्य इनपुट कच्चे तेल से ही आते हैं, जिससे यह क्षेत्र कीमतों में उतार-चढ़ाव की वजह से संवेदनशील हो जाता है।

एटमा के चेयरमैन अरुण मैमन ने कहा, 'भारतीय टायर उद्योग के लिए बढ़ती उत्पादन लागत, माल ढुलाई में रुकावट और निर्यात की अनिश्चितताओं का मिला-जुला असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी क्षमता पर पड़ सकता है।' उन्होंने कहा कि समय पर नीतिगत समर्थन बहुत जरूरी होगा क्योंकि भारत अपनी निर्यात रफ्तार को मजबूत बनाना चाहता है।

# एचसीएलटेक ने दी घर से काम की सुविधा

**अभीक दास**
बेंगलूरु, 12 मार्च

**आईटी** सेवा प्रदाता कंपनी एचसीएलटेक ने अपने चेन्नई सेंटर के कर्मचारियों को गुरुवार और शुक्रवार को घर से काम (वर्क फ्राम होम) की अनुमति दे दी, क्योंकि उसके कैंटीनों में एलपीजी सिलिंडरों की कमी हो गई थी। इस कारण खाना पकाने में दिक्कत हो रही है। मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। राजस्व के मामले में भारत की तीसरी सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी ने नोएडा, लखनऊ, बेंगलूरु या हैदराबाद के अपने परिसरों में किल्लत का कोई असर महसूस नहीं किया है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण देश में वाणिज्यिक एलपीजी सिलिंडरों की कमी से प्रभावित होने वाली एचसीएलटेक दूसरी आईटी कंपनी बन गई है।

इन्फोसिस ने बुधवार को बेंगलूरु, पुणे और चेन्नई स्थित अपने डिलिवरी सेंटरों में काम करने वाले कर्मचारियों को सूचित किया कि गुरुवार से फूड कोर्ट का काम कम हो जाएगा। उसने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा, 'कुछ सुविधाएं सीमित कर दी जाएंगी, जिनमें अगली सूचना तक लाइव काउंटर (ताजा भोजन) का विकल्प बंद करना शामिल है।'

भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस ने कहा कि उसके सभी परिसर सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। अमेरिका की एचटीसी ग्लोबल सर्विसेज ने भी अपने कर्मियों को भेजी जानकारी में कहा है कि चेन्नई, बेंगलूरु और हैदराबाद में उसकी कैंटीन सेवाएं गुरुवार को रोक दी गईं और हालात सामान्य हो जाने तक पैक्ड स्नैक की ही पेशकश की जाएगी।

# रेजरपे का एआई प्लेटफॉर्म खुद ही कर देगा भुगतान

**पीरजादा अबरार**
बेंगलूरु, 12 मार्च

**रेजरपे** ने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) प्लेटफॉर्म पेश किया है। इसका मकसद कारोबारों की भुगतान अवसंरचना के निर्माण और प्रबंधन के तरीके में बदलाव करना है। इसके लिए उसने अपने एफटीएक्स 2026 कार्यक्रम में एंथ्रोपिक के क्लाउड एजेंट एसडीके पर निर्मित दुनिया का पहला 'एजेंट स्टूडियो' पेश किया। कंपनी ने ऑनलाइन व्यापारियों को जोड़ने, भुगतान एकीकरण और परिचालन प्रबंधन को सरल बनाने के लिए डिजाइन की गई एजेंटिक अनुभव लेयर भी पेश की।

रेजरपे के सह-संस्थापक और मुख्य कार्य अधिकारी हर्षिल माथुर ने एफटीएक्स कार्यक्रम में कहा, 'कारोबारों को अब केवल ज्यादा सॉफ्टवेयर की आवश्यकता नहीं है, उन्हें ऐसी इंटेलिजेंस की आवश्यकता है, जो कार्य कर सके। भुगतानों के लिए दुनिया के पहले एजेंट स्टूडियो की शुरुआत के साथ हम कंपनियों को ऐसे एआई एजेंटों की तैनात करने में सक्षम बना रहे हैं जो उनके राजस्व प्रवाह को समझ सकें और उनकी निगरानी कर सकें, भुगतान संबंधी समस्याओं का समाधान कर सकें और रियल टाइम में अरबों लेनदेन में आकलन कर सकें।'

उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य सरल है - कारोबार विकास पर ध्यान केंद्रित करें, जबकि भुगतान पृष्ठभूमि में काम करता रहे। मेरा मानना है कि यह कारोबारों के लिए नए परिचालन स्तर की शुरुआत है, जहां इंटेलिजेंट एजेंट वित्तीय परिचालन को ज्यादा तेज, ज्यादा चतुराई और ज्यादा स्वचालित बनाने के लिए टीमों के साथ मिलकर काम करते हैं।'



**फिनटेक कंपनी ने एंथ्रोपिक की क्लाउड तकनीक पर बना 'एजेंट स्टूडियो' पेश किया**

साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए एंथ्रोपिक इंडिया की प्रबंध निदेशक इरिना घोसे ने कहा, 'क्लाउड के साथ रेजरपे का काम दर्शाता है कि किस तरह एआई एजेंट वास्तविक वाणिज्यिक चुनौतियों का समाधान कर सकते हैं, जैसे राजस्व की वसूली, विवादों का समाधान और नकदी प्रवाह का पूर्वानुमान लगाना। यह इसका इस बात का बेहतरीन उदाहरण है कि जब एआई को किसी कारोबार के परिचालन ढांचे में शामिल किया जाए तो वह क्या कर सकती है।'

फर्म ने एफटीएक्स 2026 कार्यक्रम में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) उत्पाद सूट पेश किया। इसमें एक एआई-मूल वाला एजेंट स्टूडियो भी शामिल है, जिसे ऑनलाइन भुगतान परिचालन के प्रबंधन में कारोबारों की मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**भोपाल संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा पृथ्वीस दास, डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं

**From front page**

## Mojtaba wields...

Khamenei urged regional governments to distance themselves from what he described as aggressors and to avoid allowing their territory to be used for military operations against Iran.

Another major segment of the message concerned the Strait of Hormuz. Khamenei said the strait should be regarded as a strategic tool available to Iran and could be used as leverage in the ongoing confrontation. The Associated Press reported that the comment was widely interpreted as a signal that Iran might consider restricting or threatening shipping through the strait if pressure on the country continued.

Khamenei said the Islamic Republic did not seek conflict with the people of neighboring countries and that Iran's actions were directed only at what he described as aggressors and their military infrastructure. The statement also praised the resilience of the Iranian people during the ongoing conflict and called for national unity. According to Iranian media reports, Khamenei said the country would continue to resist pressure and aggression until its rights were secured. The brief broadcast statement, lasting roughly a minute when read aloud, remains the only direct communication attributed to him so far.

## India in Trump's...

According to USTR officials, certain countries may be supporting industries through subsidies, state-backed financing, currency policies or regulatory practices that enable companies to produce far more than global demand requires.

Key sectors under scrutiny include steel, aluminium, automobiles, batteries, electronics, chemicals, machinery, semiconductors and solar modules. The administration believes large-scale overproduction in these industries can flood international markets with low-priced goods, undercutting American manufacturers.

USTR chief Jamieson Greer said the investigation would look closely at persistent trade surpluses with the United States, subsidised lending by governments, and the role of state-owned enterprises in shaping global supply chains.

"Our view is that key trading partners have developed production capacity that is untethered from normal market incentives," Greer told reporters during a briefing. The administration has also signalled plans for a separate Section 301 investigation focused on imports produced using forced labour. Officials say the aim is to ensure stronger enforcement of existing US laws that prohibit such products from entering the American market. Additional issues that may come under scrutiny include digital service regulations, data localisation rules, pharmaceutical pricing policies and environmental standards that Washington believes may disadvantage US firms.

The move follows a major setback for the administration earlier this year when the Supreme Court of the United States struck down Trump's previous tariff measures imposed under an economic emergency declaration. Those tariffs had generated hundreds of billions of dollars in revenue for the US government.

## Retail inflation...

The intensifying confrontation between Iran, the United States and Israel has transformed the energy markets into a theatre of uncertainty. Missile strikes, threats to shipping routes, and fears of wider regional conflict have pushed oil traders into a state of nervous anticipation.

For India, the implications are stark. The country remains one of the world's largest oil importers.

Nearly nine out of every ten barrels of crude consumed in India arrive from abroad. Any sustained rise in global oil prices therefore travels swiftly through the domestic economy.

The first impact would be visible at petrol pumps. Diesel, the backbone of India's transportation system, would become costlier. Trucks carrying food across the country's highways would pass those higher costs directly to consumers.

## Woman drowns 4...

Or, the longing for a boy might have caused a rift between the couple after which the woman may have slipped into depression," Patel added. The SHO informed that police were investigating the case from all angles to find out the reason for the killings and the suicide. The woman was residing with her in-laws who eked out a living by cultivating a small piece of agriculture land, Patel said from the incident spot. Prima facie, it appears that Savita Lodhi threw her four daughters into the well and later hanged herself at home, CSP Kashyap said.

The sisters drowned in the well located in an agricultural field belonging to a local farmer, Kashyap said, adding their bodies were fished out with the help of villagers. SHO Patel stated that the post-mortem examination of the bodies has been conducted and their last rites were awaited.

Police were questioning family members of the deceased and local residents as part of the investigation, Kashyap added.

**ATTACK ON FAROOQ ABDULLAH | NC chief recalls chilling moment**

# MATTER OF GREAT CONCERN: CENTRE

**PTI**
JAMMU/NEW DELHI

The Centre on Thursday termed the murderous attack on National Conference president Farooq Abdullah a matter of "great concern", even as the 88-year-old former Jammu and Kashmir chief minister recounted the chilling assassination bid in Jammu and lauded security personnel saying he is alive as they showed "immense courage".

The incident, which found its echo in Parliament, occurred on Wednesday night while Abdullah, a Z+ category protectee, was leaving a wedding function in Jammu's Greater Kailash area.

Jamwal, a resident of Purani Mandi in Jammu, told investigators he had been "waiting for 20 years" to target Abdullah due to a personal grudge. He has been remanded to five-day police custody.

"I am fine and God has saved me," Abdullah told PTI.

"The assailant managed to get right behind my neck. My security stood in front of me and showed immense courage." Talking to reporters, Abdullah said a proper inquiry should be conducted to determine the reasons behind the attack.

"There should be a proper inquiry into this matter. Now it is up to them to investigate and find out why this happened and what the reason was. These kinds of things keep happening nowadays...where an atmosphere of hatred has been created," he said.

Abdullah credited his survival to the swift reactions of his Special Security Group (SSG) and NSG cover. "They stood in front of me and showed immense courage. That is why I am alive."

**THE HORROR**

As Abdullah walked toward his car, 63-year-old Kamal Singh Jamwal approached him from behind and fired a shot. Abdullah, who initially mistook the sound for firecrackers, felt a "burning sensation" but was unhurt.

A second shot was averted when an alert police officer and an NSG commando overpowered Jamwal, pinning him to the ground and causing his pistol to misfire.



Jammu and Kashmir National Conference president Farooq Abdullah addresses a press conference, at his residence in Jammu on Thursday

# Girl dies after falling through broken school bus floor

**Biswajeet Banerjee**
AGRA

**According to family members, the school bus was in a dilapidated condition**

A nine-year-old girl died after falling through the broken floor of a moving school bus in Agra's Etmadpur area on Wednesday, raising serious concerns about the safety of school transport vehicles. The incident comes days after a similar tragedy in Aligarh on February 28 in which a seven-year-old girl lost her life.

Police identified the victim as Naina, a Class 1 student. She slipped through the damaged floor of the bus and fell onto the road while the vehicle was in motion. One of the wheels ran over her before the driver could stop.

The accident occurred near Biharipura under Etmadpur police station limits. Naina studied at RBS School in Bhagupur village and lived in Nagla Lale village in Agra district.

They alleged that instead of proper seats, children were made to sit on wooden planks placed over broken portions of the floor. When the bus crossed a speed breaker with a strong jolt, one of the planks slipped, causing Naina to lose balance and fall through the damaged section.

Other children on the bus raised an alarm, prompting the driver to stop the vehicle. She was rushed to Goyal Hospital but doctors declared her dead on arrival.

Police registered a case on the complaint of Naina's father Brahmajeet. The body has been sent for post mortem.

Authorities have initiated action against the school following the incident.

# Congress' Aiyar, Tharoor face-off in 'open letter war'

**PTI**
NEW DELHI



In an 'open letter war', Congress leader Mani Shankar Aiyar declared that he was parting ways with party colleague Shashi Tharoor while the latter hit back at the veteran politician for his "many gratuitous" comments.

It all started with Aiyar penning an open letter to Tharoor that was published in Frontline magazine earlier this week.

Aiyar said he was shocked to the core by Tharoor's answers to questions on a TV channel on March 6, on the ongoing "illegal and sinful war" on Iran by Israel in cahoots with the US and the West in general.

"I have been so disturbed that I could not sleep and have woken at 3 in the morning to write you this open letter," Aiyar wrote.

Aiyar claimed that he had put his political career on the line by not only voting for Tharoor in the election to the post of the Congress president, even when he knew Tharoor would be badly defeated, but also by writing in The Indian Express next day that the victor, Mallikarjun Kharge, should magnanimously respect his democratic right to stand against him despite his being backed to the hilt by both the Gandhi family and the scattered remnants of the G-23.

"I argued fiercely that he (Kharge) should grant you (Tharoor) an honourable place in the Congress hierarchy, as befits a mature political party, to fully use your many talents. In consequence, the Gandhis and Kharge have refused to meet me ever since. Nevertheless, I felt vindicated on moral grounds," Aiyar said in his "open letter to Shashi Tharoor on moral amnesia, and more".

# BLAZE RIPS THROUGH DELHI'S MATIALA SLUM CLUSTER, 80 SHANTIES GUTTED

## No casualties

**PTI**
NEW DELHI

At least 80 shanties were gutted after a massive fire broke out in a slum cluster near the fish market in Matiala area of southwest Delhi, police said.

No casualties have been reported in the incident, they said.

According to the Delhi Fire Service (DFS), a call regarding the blaze in the jhuggi cluster and adjoining waste material warehouses was received at 11.54 pm on Wednesday. Fire tenders were rushed to the spot, and fire-fighting operations were launched.

Police said a PCR call about the blaze in the Mansaram Park area was received at the Bindapur police station at 11.57 pm. Local police teams reached the spot and assisted in evacuating residents from the cluster.



Flames billow out after a fire broke out at the Fish Market at Matiala Village, in New Delhi

# SC ends 4-decade-old M.C. Mehta cases

## Registers suo moto case on Delhi-NCR pollution

**IANS**
NEW DELHI

The Supreme Court on Thursday formally disposed of the four-decade-old environmental case M.C. Mehta vs Union of India and directed that issues relating to air pollution in the National Capital Region (NCR) be dealt with under fresh suo motu proceedings.



A bench headed by Chief Justice of India (CJI) Surya Kant ordered that no further interlocutory applications (IAs) would be entertained in the 1985 matter and directed the apex court registry to register a new case titled "In Re: Issues of Air Pollution in the National Capital Region".

"We formally dispose of Writ Petition (Civil) No. 13029/1985, MC Mehta vs Union of India. No IAs shall be entertained in the case," ordered the bench, also comprising Justices Joymalya Bagchi and Vipul Pancholi.

It directed that all pending interlocutory applications in the old case be registered as separate writ petitions under the newly initiated suo motu proceedings dealing specifically with air pollution in the Delhi-NCR.

The CJI-led Bench clarified that the top court registry should treat each pending application independently and assign separate writ petition numbers for their consideration under the new suo motu proceedings.

# Fresh snowfall at isolated places in higher reaches of Lahaul & Spiti

**PTI** / SHIMLA

Isolated areas in the higher reaches of the Lahaul and Spiti district in Himachal Pradesh experienced a fresh spell of snow, while the lower hills saw intermittent rain on Thursday morning.

Snowfall was reported in Jispa, Darcha, and Shinkula, with Hansa recording 2.5 cm of snow. Videos of the snowfall have also gone viral on the internet.

# Ethanol plant GM, junior shot

**BUDAUN (UP):** Two officials of an ethanol plant were shot dead on Thursday, allegedly by a blacklisted vendor, officials said. The killings took place at a plant of Hindustan Petroleum Corporation Limited (HPCL) in Sejni village under the Musajhag Police Station area, they said. Plant's general manager, Sudhir Kumar Gupta, 58, and assistant general manager, Harshit Mishra, 34, were shot dead in the attack. District Magistrate Avnish Rai said the alleged shooter, Ajay Pratap Singh alias Ramu, a local, was once a vendor at the plant.

# BJD & Cong issue whip for MLAs amid cross-voting fear

**PTI**
BHUBANESWAR

**Amid the possibility of cross-voting, both parties asked their legislators to be present in the state capital from March 13 to 16**

The opposition BJD and the Congress in Odisha have issued whips directing their MLAs to remain in Bhubaneswar and ensure their presence in the assembly on March 16 for the Rajya Sabha election, in which five candidates are contesting for four seats.

Two official candidates of the BJP are the party's state unit president Manmohan Samal and sitting Rajya Sabha MP Sujeet Kumar. Former Union minister Dilip Ray is also contesting as an Independent and has the support of the saffron party.

The BJD nominees are party leader Santrupt Misra and eminent urologist Dr Datteswar Hota, whom the Congress and the CPI(M) are supporting.

There is a possibility of cross-voting as neither the ruling BJP nor the opposition BJD has the required numbers to win the fourth seat. A senior official of the Odisha Assembly said, "Parties cannot issue a whip on voting (on party lines during Rajya Sabha polls). But there is no restriction on a whip to remain present."

BJD supremo Naveen Patnaik and the state Congress president Bhakta Charan Das had accused the ruling BJP of attempting to indulge in horse-trading for the biennial polls. "All MLAs of the Biju Janata Dal are hereby informed that the voting for the Rajya Sabha elections 2026 will be held on Monday, March 16, from 9 am to 4 pm on the premises of the Odisha Legislative Assembly," a note issued by party chief whip Pramila Mallik late on Wednesday said.


**PUBLIC NOTICE**

**(Misplacement of original Title Documents of 327-A, Gulab Bag Colony, Gram Piplvakumar, Indore)**

Notice is hereby given to the General Public that customer of my client bank has applied for Housing Loan by mortgaging the house no. 327-A, Gulab Bag Colony, Gram Piplyakumar, Indore for colateral security of the said loan. The original title chain document of sale deed no. 1611 dated 25.08.1995 in favour of Maya Devi W/o. Shri Trilok Narayan ji has been misplaced by the customer. All persons are hereby informed to bring to my notice in writing if they have any objection regarding mortgage of the said property with the bank and misplacement of the documents within 5 days. Thereafter, no objection shall be tenable and the bank shall disburse the loan amount to the borrower.

**Alok Sharma, Advocate**
**Office : 338, Vishnu Puri NX, Indore (M.P.) Mob. 9826196696**

**WESTERN RAILWAY - RATLAM DIVISION**

**E-TENDER NOTICE**

**Tender No.: SnT_ RTM_26_01_ SIGNAL, Date: 10.03.2026. Name of work**: Supply installation testing and commissioning of Signalling material in connection with:- Nimach station: Carrying out indoor work for connectivity of Nimach-Badi Sadri new line project. **Tender Advertised Value :** Rs 1,55,47,815.44. **Bid Security/ Earnest Money**: Rs 2,27,700/-. **Time & Date of Closing of Bid**: 15:00 Hrs. on 06.04.2026. **Time & Date of Opening of Bid**: After 15:30 Hrs. on 06.04.2026. **Completion period**: 12 Months. **Tendering section Office Incharge & Place of Opening of Bid**: Sr DSTE Ratlam, DRM office Ratlam M.P. The tender can be viewed online at E-Tender Portal **www.ireps.gov.in** and the offer must be submitted on the same E-Tender Portal. **DE/6/1/505**

Like us on : facebook.com/WesternRly

**CHANGE OF NAME**

The general public is informed that I, Umasankar Kameshwara Narasimha Vadreu, son of Shri. Sivaji Kameshwara Vadreu, resident of A 402, BCM Planet, Opposite Tulsi Nagar, Indore (M.P.), was earlier known and recognized by the above name. After the gazette name amendment, my name has now been changed to Umashankar Chaturvedi. Now, in future, I will be known and recognized by the name of Umashankar Chaturvedi. So please be informed of the same.

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम P.J.Susan है जो मेरे आधार कार्ड व शैक्षणिक दस्तावेजो में दर्ज है तथा मेरे पासपोर्ट नंबर R9731629 है, जिसमें त्रृटिवश मेरा नाम SUSAN PUNALUR JOHN दर्ज हो गया है जो कि गलत है। अतः मेरे पासपोर्ट मैं मेरा सही नाम P.J.Susan दर्ज किया जावें व इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

P.J.Susan W/o. Blassan Samuel
फेकल्टी क्वार्टर नं. 13,अमलतास हॉस्पिटल, बांगर जिला देवास (म.प्र.)

**FLUIDOMAT LIMITED**

CIN: L74210MP1978PLC001452
Regd. Off.: 117, 1st Floor, 'Navneet Darshan', 16/2, Old Palasia, Indore (M.P.) 452018
Website: www.fluidomat.com, E-Mail: info@fluidomat.com, Contact: 0731-2564820

**NOTICE TO SHAREHOLDERS**

**Special window for transfer and Dematerialization of physical shares**

Pursuant to SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 dated 30th January, 2026, shareholders are informed that a special window has been opened for transfer and dematerialization of physical shares which were sold/purchased prior to April 01, 2019. The window shall also be available for such transfer requests which were lodged prior to the deadline of 1st April, 2019 and were rejected /returned not attended, due to deficiency in the documents process or otherwise.

The aforesaid window shall be available to the eligible physical shareholders from **5th February, 2026** till **4th February, 2027**.

Shareholders are requested to submit their transfer requests along with physical share certificates with our Registrar and Shares Transfer Agent, M/s Ankit Consultancy Pvt. Ltd., 60, Electronic Complex, Pardehsipura, Indore (M.P.) 452010. Tel: 0731-4281333, 0731-4065797/99, Fax 0731-4065798. Email investor@ankitonline.com.

**Place: Indore (M.P.)**
**Date: 12-03-2026**

(Scan the QR Code to view full SEBI Circular)

**For, FLUIDOMAT LIMITED**
SD/-
**DEVENDRA KUMAR SAHU**
**COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER**
**ACS: 31933**

SHAKTI
PUMPING LIFE

**SHAKTI PUMPS (INDIA) LIMITED**

**CIN : L29120MP1995PLC009327**

**Corporate Office:** Plot No. C-4, Silver Spring Phase-2, Business Park, By-Pass Road, Opposite D-Mart, Indore (M.P.)-452020
**Regd. Office:** Plot No. 401, 402, & 413, Sector III, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar (M.P.)-454774
Tel: +91-731-3635000, E-mail : cs@shaktipumpsindia.com, Website: https://shaktipumps.com/

**SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUESTS OF PHYSICAL SHARES**

In accordance with SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026, Shareholders of **Shakti Pumps (India) Limited** are hereby informed that a special window has been opened from **February 05, 2026 to February 04, 2027**, for re-lodgement of transfer deeds.

Shareholders are to note that this window is only for re-lodgement of transfer deeds, which were lodged prior to the deadline of **April 01, 2019** for transfer of physical shares, and rejected/returned/not attended to due to deficiency in the documents/process/or otherwise. Shareholders who wish to avail the opportunity are requested to contact our Registrar and Share Transfer Agent (RTA).

The Details of Registrar and Share Transfer Agent (RTA) are as follows:

**Adroit Corporate Services Private Limited**
18-20, Jaferbhoy Industrial Estate, Makwana Road, Marol Naka, Andheri (E), Mumbai City, Mumbai, Maharashtra, India, 400059, Email : info@adroitcorporate.com and Contact No.: +91-22-4227 0400

The Company's website: **www.shaktipumps.com** has been updated with the details regarding the opening of this special window and further updates if any, shall be uploaded therein.

For any additional information, assistance or clarification, shareholders may contact the RTA at **info@adroitcorporate.com** or by sending an email to the Company at **cs@shaktipumpsindia.com**.

**Note:** All shareholders are requested to update their email address with the Company / Registrar and Share Transfer Agents / Depository Participants.

By Order of the Board
for **Shakti Pumps (India) Limited**
Sd/-
**Ravi Patidar**, Company Secretary
ACS : 32328

Date: **12.03.2026**
Place: **Indore**

**WEST CENTRAL RAILWAY**

**Material Management Department**

**('e' Tender Notice for the supply of Stores, No.EPS/126/2025)**

PCMM/WCR on behalf of the President of India invites the following advertised tenders through E- procurement System. No manual/postal offers shall be entertained. Tenders can be accessed under the link website https:/ireps.gov.in" for details and for submission of Tender.

| Sr No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. | Due Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40251677A | 20 Watt Four Feet LED Fitting with tube | 39071 Nos. | 27/03/2026 |
| 2 | 38252365B | Packing plate (37 MM Thickness) | 14215 Nos. | 30/03/2026 |
| 3 | 40252772 | EMERGENCY LIGHTING UNIT FOR EOG TYPE LHB COACHES | 1113 Nos. | 30/03/2026 |
| 4 | 40252663 | 4.5 KW, 110/120V DC BRUSHLESS ALTERNATOR | 50 Nos. | 02/04/2026 |
| 5 | 65255004B | Supply Installation and Commissioning of EOT Crane 15 Ton along with DSL | 04 Nos. | 02/04/2026 |
| 6 | 20265005 | TFT Display Unit SOM (MDS740V2-DIALS) for dual cab Loco | 06 Nos. | 09/04/2026 |
| | | DC link switch assembly to Medha Part No. SP696901003 | 03 Nos. | |
| | | INVERTER PHASE MODULE ASSY "DG" TYPE-MHS 722P GD | 06 Nos. | |
| 7 | 82255968 | Osimertinib 80 mg tablet | 270 Nos. | 15/04/2026 |
| | | OSIMERTINIB 80 MG TAB/CAP | 690 Nos. | |
| 8 | 50264012 | Route LED Signal lighting unit, 110VAC, | 2756 Nos. | 22/04/2026 |
| | | SHUNT LED SIGNAL LIGHTING UNIT 110V | 1669 Nos. | |
| | | CALLING ON LED SIGNAL LIGHTING UNIT, 110V AC | 474 Nos. | |

" For tenders with estimated value below Rs. 50 lakh, interested firms are advised to visit www.ireps.gov.in".

**Sd./-**
**For Principal Chief Material Manager, WCR, Jabalpur**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


Printed and Published by PRAVIN NAGAR, for the Proprietors, Compac Printers Pvt. Ltd. at Free Press House, 3/54, Press Complex, A.B. Road, Indore-452 008. | Editor : Arshit Gautam Phones:- 2555111-2, FAX: 2558555. Email: editor.indore@fpj.co.in, Offices: Bhopal Bureau: F-134/2 Professor's Colony, Opp. Ravindra Bhawan, Bhopal, Phone : 0755-2660570/71/ 79 Fax: 0755-4271345 E-Mail news.freepress@gmail.com Mumbai, Ph:- 69028000. Advt Dept.: 69028026. New Delhi, Ph:- 23718853. Calcutta Ph:- 22875645. Chennai - Ph:- 28217766. RNI No. 38281/83